राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 20 अगस्त। देश में बढ़ती मंहगाई एवं बेरोजगारी के विरूद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 04 सितम्बर, 2022 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली **मंहगाई पर हल्ला बोल महारैली** की तैयारियों के लिये प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक दिनांक 22 अगस्त, 2022 को प्रात: 10:30 बजे जयपुर के होटल क्लार्क्स् आमेर में आयोजित होगी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव श्री के. सी. वेणुगोपाल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, बोर्ड/निगम के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, सांसदगण, सांसद प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वर्तमान/नितर्वमान जिलाध्यक्षगण, पूर्व सांसदगण, पूर्व विधायकगण, सभी अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण तथा विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के नितर्वमान प्रदेशाध्यक्षगण शामिल होंगे। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 04 सितम्बर, 2022 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली **मंहगाई पर हल्ला बोल महारैली** में राजस्थान से अधिक से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु तैयारियों पर चर्चा की जायेगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter